राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 60.00 संख्या 2532
बेलमुंडा का खजाना
सुपर कमाण्डो ध्रुव
नागराज
सर्वनायक वर्ष 2014
फाइटर टोड्स

प्रकाशकः राज कॉमिक्स (राजा पॉकेट बुक्स की एक इकाई) 330/1, बुराड़ी, दिल्ली-110084 फोनः 27611410 email:bizdev@rajcomics.com

दिल्ली में वितरक : नागराज नावल्टीज, 112, फर्स्ट फ्लोर, दरीबा कलां, दिल्ली-110006. फोनः 23251109, 23251092, 65172310, 32500860

समुंदरी लुटेरे में आपने पढ़ा कि हम्मा-हम्मा आयाम से निकला कैप्टेन कैटरपिल्लर षड्यंत्र रच कर नागराज, ध्रुव और फाईटर टोड्स को पहुंचाता है हम्मा-हम्मा आयाम में, जहां उन्हें मिला बड़बोला तोता बलमा पोपट जिसके साथ हमारे हीरोज निकल पड़े समुंदरी लुटेरे बेलमुंडा का खजाना ढूंढने। दूसरी ओर पृथ्वी पर तीन आतंकवादी हग्गू खान, मुत्तु स्वामी और फ्लश डी सूजा दुनिया को डूबेनियम बम से तबाह करने की साजिश करते हैं जिनसे टकरा गए चारों डूडल्स आंगड़ू, बांगड़ू, सांगड़ू और पांगड़ू। नागराज, ध्रुव और टोड्स एक के बाद एक काली शक्तियों से युक्त सात में से दो टापुओं को पार करते हैं जिन पर उनका सामना होता है खूंखार जंगली आदिवासियों, भभूका दानव, नरभक्षी जलपरियों और खूनी भेड़ियों से। परास्त होने के साथ ही सभी खलनायक टापुओं के साथ ही अदृश्य हो जाते हैं। कैप्टेन बेलमुंडा अपने मुर्दे पाइरेट्स की सेना का आह्वाहन करता है, उधर नागराज, ध्रुव और टोड्स बलमा के साथ पहुंच गए हैं तीसरे टापू पर जो है मुर्दों का टापू। अब आगे-

परिकल्पनाः स्तुति मिश्रा कथा लेखक व कला निर्देशकः नितिन मिश्रा पेंसिलिंग व इंकिंगः स्तुति मिश्रा
इफैक्ट्सः अभिषेक सिंह कैलीग्राफीः सुखवीर, नीरू सम्पादकः मनीष गुप्ता संस्थापकः राजकुमार गुप्ता, मनोज गुप्ता

हजारों साल पहले, समुन्द्र की तूफानी लहरें उस खौफनाक महा-युद्ध की गवाह बनी...
टनाक
खनाक
जोकि महादुर्दांत दस्यु कप्तानों बेलमुंडा और कैटरपिल्लर के बीच लड़ा गया था...
हमारे काटे हुए मानव सिरों की संख्या बराबर है, और हम्मा-हम्मा देव अपनी शक्तियां व...
...खूबसूरत बेटी का हाथ उसे ही देगा जिसके पास दूसरे से ज्यादा मानव सिर होंगे।
तेरा सिर काटने के बाद मेरे मानव सिरों की संख्या बढ़ जाएगी।
हाहाहा..संभल जा कैटर पिल्लर, अब समुन्द्र देव के त्रिशूल से कटेगा तेरा सर।
यह त्रिशूल तेरे पास कहां से आया? धोखा किया गया है मेरे साथ...
ये धोखा तुझे और हम्मा-हम्मा को बहुत महंगा पड़ेगा।
इस युद्ध का परिणाम बेहद घातक सिद्ध होने वाला था। सिर्फ उनके लिए ही नहीं जिन्होंने सदियों पहले यह युद्ध लड़ा था...

अपितु उनके लिए भी जो सदियों बाद उस युद्ध के दुष्परिणाम से दुनिया को बचाने की कोशिश कर रहे थे।
टोड्स एक्शन!
मुर्दों से लड़ने में एक फायदा तो है, कम से कम ये चिंता नहीं करनी पड़ती कि हमारे वार उनकी जान ना ले लें।
और नुक्सान ये है कि डबल सावधान रहना पड़ता है कि कहीं ये मुर्दे हमारी जान ना ले लें।
हमारी जान कोई आइटम गर्ल राखी बकावंत की पप्पी नहीं है जो हर ऐरा-गैरा ले लेगा।

आईऽऽऽऽ... मेरी पुक्की पर किसने काटा!
इनको डिसेम्बल करना खतरनाक है यारों।
नागराज जी को ही सिचुएशन आसान दिख रही थी, अब ये ही बताएंगे कि इससे कैसे निकलें।
हाय!! मेरी पुक्की पर अपने दांतों का टैटू बना रहे इस मुए का कुछ करो नागराज जी।
इनको जला कर कोयला बना दो बस, जौम्बी पाइरेट्स की मुसीबत खत्म।
बूम
बूडूम
नागराज जी ने आंखों से आग छोड़ी! फिर एक नई पावर! आगे पता नहीं कहां से क्या छोड़ेंगे!
यह मेरी स्थाई शक्ति नहीं है, शायद इस आयाम ने मेरी शक्तियों को कुछ परिष्कृत कर दिया है।
तुम लोग भी बिना बात के ही हत्थे से उखड़ जाते हो।
ये तो राख से भी दोबारा अपना शरीर बना रहे हैं।
ऐसे तो इन्हें खत्म करना नामुमकिन हो जाएगा।
इनके सड़ेले शरीरों में काले जादू की शक्ति ऐसेइच समायी है जैसे मुर्दे में पिल्लू।
तुम इनका शरीर नष्ट करोगे तो ये शक्ति बाहर निकलेगी पण फिर इनके टूटेले-फूटेले शरीर में घुस के इनको जिंदा कर देगी।
हम सब पर ये जौम्बी पाइरेट्स हमला कर रहे हैं पर तेरी ओर ये देख भी नहीं रहे ऐसा क्यों।
अपुन को शक वाली नजरों से मत देख बाप! अपुन इन मुर्दों से कोई सेटिंग नहीं भिड़ाएला है।
नागराज, जौम्बीज पर उड़ कर वार करो!
धाड़

ये हमारे पदचापों के कंपन से हम पर हमला करते हैं, बलमा पर ये हमला नहीं कर रहे क्योंकि वो हवा में उड़ रहा है।
मैं और कम्प्यूटर हवा में उड़ते हुए इन्हें आसानी से तोड़ सकते हैं, पर इनके टूटे शरीर धरती पर गिरते ही काले जादू की शक्ति इन्हें पुनःजीवित कर देगी।
अगर इनका संपर्क धरती से ना होने दिया जाए तो शायद ये दोबारा जीवित ना हों।
पर हम ऐसा करेंगे कैसे नागराज जी? इस टापू पर कोई पेड़ भी तो नहीं है जिस पर इन भूतों को उल्टा टांग दें।
यही तो प्रॉब्लम है कम्पयूटर, इस टापू के अलावा सिर्फ ये समुन्द्र है और कुछ भी नहीं।
फिर तो ध्रुवजी को नया आइडिया आने तक फाईट कंटिन्यु करनी पड़ेगी। हीहीही।
जल्दी कोई आइडिया भिड़ाओ ध्रुव जी, हम भोले-भालों के पैरों से धरती बस खिसकने ही वाली है। बुहुहुहू! टर्ररर्र!!
यू आर जीनियस कटर!!! पानी में ही जाना होगा, तुम्हें और शूटर को।
हेंहेंहें! आप तो बुरा मान गए ध्रुवजी।
अबे उल्लुओं के आइन्स्टाइन, ध्रुवजी इनसे निपटने का तरीका बता रहे हैं, चल पानी में।
ध्रुव के आइडिया पर फौरन एक्शन शुरू हुआ।
मैं और मास्टर इन जौम्बीज को नागराज और कम्प्यूटर की ओर थ्रो करेंगे।
नागराज व कम्प्यूटर हवा में ही इन्हें तंदूरी जौम्बी बना कर समुन्द्र में शूटर और कटर की ओर डाइरेक्ट करेंगे।
शूटर और कटर इन्हें समुन्द्र में डुबो देंगे ताकि काली शक्ति इनमें समा न पाए।

राज कॉमिक्स
नतीजा थोड़ी ही देर में समुन्द्र में जौम्बी पाइरेट्स के ढेर के रूप में सामने आया।
क्या बात है भीड़ू लोग, अक्खा जौम्बी पाइरेट सेना का 'गो-गोवा-गौन' कर डाला। हीहीही।
पर आपको कैसे पता चला ध्रुवजी कि ये पानी में डुबोने से मरेंगे ?
धरती पर इन्हें खत्म करना इम्पॉसिबल था क्योंकि काली शक्ति पुनः जौम्बी पाइरेट्स के शरीर में प्रवेश कर जाती लेकिन, पानी में ये किरणें उन्हें जीवित नहीं करतीं...
क्योंकि काले जादू की शक्ति टापू की धरती में है समुन्द्र के पानी में नहीं...
...ये मुझे तब पता चला जब मैंने समुन्द्र में तैरते कुछ जौम्बीज के निर्जीव शरीर देखे।
8
बेलमुंडा का खजाना
पिछले दोनों टापुओं की तरह ये टापू भी समुन्द्र में डूब गया।
काले जादू की शक्तियां हारते ही लोप हो जाती हैं, तुम भीड़ू लोग अपने चौथे..अपुन का मतलब चौथे टापू के लिए तैयार हो जाओ।
तीनों महाशक्तियों ने तीसरा टापू भी पार कर लिया।
हमें जल्दी ही कुछ करना होगा सरदार।
घिसा-पिटा सरदार वाला 'स्पूफ' बार-बार छोड़ना बंद कर और...
...सेना की एक टुकड़ी लेकर चौथे टापू की ओर कूच करो यदि ये चौथे टापू से जीवित निकल सके तो तू इन्हें खत्म कर देना। वैसे मुझे इसमें शक है कि ये धुंध-भुलैया टापू से जीवित बाहर निकलेंगे।
9

धुंध-भुलैया टापू।
आज तक इस टापू की भूल-भुलैया में घुसने वाला कोई भी भीड़ू जिंदा क्या भूत बन कर भी बाहर नहीं निकलेला है।
दुनिया बचाने का ठेका तुम भीड़ू लोग लिएला है अपुन नहीं, अपुन इधरिच तुम लोग का वेट करेगा।
यहां तो इतनी धुंध है कि सामने टापू दिखाई ही नहीं दे रहा।
पर हमें आगे तो बढ़ना ही होगा टोड्स...
बस ध्यान रखना कि इस धुंध में हम कहीं अलग-अलग ना हो जाएं...
ओह! ध्रुव और टोड्स कहां गए।
हम सबको अलग-अलग कर के धुंध-भुलैया ने अपना काम करना शुरू कर दिया।
ध्रुव जी, नागराज जी, यारों...कहां हो तुम सब?
अबे! छुप्पन-छुपाई शुरू हो गई क्या बे?
सब कहां गए? यार...ये धुंध जाला क्यों बना रही है?
बुहहु! ये सब क्या हो रहा है?
यह धुंध विभिन्न प्रकार के सर्प रूप धर कर मुझ पर हमला कर रही है।
बाहर आओ मेरे सर्प वीरों...!!
ओह! धुंध सर्पों के शिकंजे में फंस कर मेरे सर्प सैनिक धुंध में ही विलीन हो गए।
हे देव कालजयी!! यह क्या है...धुंध का बना एनाकोंडा!

यह तो किसी पजल मेज़ गेम का बड़ा और विकृत संस्करण है। जब तक मैं स्थिर हूं, ये धुंध की मेज़ भी स्थिर है...
...मेरे आगे बढ़ते ही ये भी अपना स्थान बदलने लगती है और मुझे वापस यहीं ले आती है।
फिर मैं अपने पिछले स्थान पर पहुंच गया...ऐसे में तो आगे बढ़ने का कोई उपाए नहीं दिख रहा।
कुछ समझ नहीं आ रहा, आखिर इस धुंध की भूल-भुलैया से निकला कैसे जाए.. अरे !! ये धुंध रुपी मशीन और इसकी धारदार गरारीयां तो चलने लगीं।
बड़ी-बड़ी मशीनें बना लीं कम्प्यूटर बेटे.. लगता है आज ये मशीन ही तुझे मिटाएगी। बुहहू!
मास्टर्र का सामना हो रहा था धुंध के बने निंजा फाइटर्स से।
टर्रर्रर...मेरे वार तो धुंध के बने इन फाइटर्स के आर-पार निकल जा रहे हैं...
...पर इनके वार मुझ पर बिल्कुल सटीक लग रहे हैं। टर्रर्रर!
पर बेचारे कटर्र को तो दुश्मन दूर-दूर तक नजर ही नहीं आ रहा था।
अबे इतनी जल्दी जाले तो हमारे टोड निवास में भी नहीं लगते, ये कौन सी च्यवनप्राश खाई मकड़ी है जो जेट स्पीड से धुंध जाले निकाल रही है। बुहूहूहू! टर्रर्रर!!
मेरे आगे बढ़ने के साथ ही धुंध जाल की संख्या भी बढ़ रही है...अबे! इतनी तलवार भांज कर तो कटर्र पूरी सेना को गंजा कर देता। ये धुंध जाल गंजे...मतलब खत्म क्यों नहीं हो रहे!!
और शूटर्र की तो जहां तक नजर जा रही थी 'दुश्मन हथियार' नजर आ रहे थे।
टोड देव के आशीर्वाद से मेरे तरकश के तीर कभी खत्म नहीं होते।
लेकिन इन कमबख्त धुंध क्यारियों को किसने आशीर्वाद दिया है...
इनके हथियार भी खत्म नहीं हो रहे, उल्टा इनका हमला और तेज होता जा रहा है।
ज़ूम
ज़ूम

धुंध-भुलैया टापू पर हर महारथी एक अलग धुंध-भुलैया में फंसा हुआ था, जिससे निकलने का किसी भी महारथी को फिलहाल कोई रास्ता सुझाई नहीं दे रहा था, लेकिन पृथ्वी के आयाम में डूडल्स को अपनी मुसीबतों से निकलने का उपाय मिल गया था।
कैटरपिल्लर और आतंकवादी तो कुंभ में बिछड़े भाइयों की तरह मिलने लगे।
अबे! तो ठीक ही है ना, अगर वो शैतान का दूत कैटरपिल्लर अब तक उन तीनों आतंकवादियों से गप नहीं लड़ा रहा होता तो हमें निकल भागने का मौका मिलता क्या।
लेकिन आज हमने ये साबित कर दिया कि हम डूडल्स कितने महान हैं, हम चोरी-छुपे ना सिर्फ खुद उस जहाज से भागे बल्कि ये डूबेनियम बम भी अपने साथ ले आए।
हां! और जहाज में सी-फूड की जो पन्नियां थीं उसमें मैंने इस बम को सील-पैक भी कर दिया है, क्योंकि अगर ये समुन्द्र में डूबा तो प्रलय आ जाएगी।
अबे! लेकिन ये समुन्द्र में डूबेगा कैसे?
व...वो मैंने इस नाव को उतारते समय इसके तले में एक छेद देखा था।
क्या!!
अबे! पहले क्यों नहीं बताया कमबख्त?
उस समय जहाज से भागना ज्यादा जरूरी था, मैंने छेद के ऊपर बांगड़ू को बैठा दिया था।
ओह!! तो इसलिए मेरी पतलून गीली है, मैं तो बेकार में ही शर्मिंदा हो रहा था। हीहीही। बूहूहू!
पतलूनें तो अब हम चारों की सही में गीली होने वाली हैं यारों, जरा पीछे देखो!
वई-वई...तुम चारों चुल्ली का पट्ठा क्या सोची...कि हमारा बम लेके फुर्र हो जाएगी।
कैटरपिल्लर अन्ना, यही है वो डूबेनियम बम जो सारी दुनिया को समुन्द्र में ऐसे ही डुबो देगा जैसे साम्भर में वडा!
मेरा है...अब ये डूबेनियम बम मेरा है।
इतनी भी जल्दी क्या है, पहले हम पूरा माजरा तो समझ लें कैप्टन कैटरपिल्लर! हम तो सोच रहे थे कि तू हम्मा-हम्मा आयाम में कैद है।
देवयोद्धा... तू..!!!
अब समझ में आ रहा है कि हम्मा-हम्मा का आयाम द्वार कैसे खुला, तू जरूर आयाम द्वार बंद होने से पहले ही किसी तरह पृथ्वी पर आ गया होगा!!
सही समझा तू, मैं आयाम द्वार बंद होने से पहले ही पृथ्वी पर आ गया था जहां मैं सदियों तक छुप कर इस समय की प्रतीक्षा करता रहा।
जैसे ही मेरा सामना टोड मानवों से हुआ मैं समझ गया कि मेरा प्रतिशोध पूरा होने का समय आ गया है।
यकीनन तूने ही नागराज, ध्रुव और फाईटर टोड्स को हम्मा-हम्मा आयाम में भेजा है पर तू नहीं जानता कि ऐसा करके तूने अपने और काले जादू की शक्तियों के विनाश पर मुहर लगा ली है।

तुम देव योद्धाओं से भी तो मुझे सदियों पुराना हिसाब बराबर करना है...
यदि तुम लोग बीच में ना आते तो बेलमुंडा और समुन्द्र देव को मार कर मैं दुनिया पर राज कर रहा होता।
और प्रिंसेस टाइड मेरी होती। पर जो तब नहीं हुआ वो अब होगा।
ना तू तब हमसे जीत पाया था ना अब जीतेगा। तेरी भलाई इसी में है कि तू हार मान ले और आत्मसमर्पण कर दे।
आत्मसमर्पण..हाहाहा..कुछ ही देर में पूरी पृथ्वी कैटरपिल्लर के कदमों में आत्मसमर्पण करेगी देव योद्धा।
अबे! ये क्या हो रहा है बे...!! सब लोग आपस में ही पिले पड़े हैं हम क्या करें?
हम लोग डूबेनियम लेकर फूट लेते हैं!! अबे! डूबेनियम कहां गया?
लगता है फाईट देखने के चक्कर में बम समुन्द्र में गिर गया।
वो तो मैंने उसको इतना सील पैक किया था इस लिए अब तक फटा नहीं वरना...
छपाक
अबे! जो फटना था वो हम चारों का फट चुका है...
...अब फटा-फट समुन्द्र में कूदो और डूबेनियम की सील फटने से पहले उसे पानी से बाहर निकालो, वरना अगर डूबेनियम फट गया तो दुनिया में फटने के लिए भी कुछ नहीं बचेगा।
जल-सर्प दैत्य की तरह ये धुंध ऐनाकोंडा भी काले जादू की शक्ति से बना है, इसीलिए इच्छाधारी कणों में खुद को बदल पाने की कोशिश करना व्यर्थ है। ऊपर से यह छोटे वाले धुंध सर्प भी मुझ पर प्रहार कर रहे हैं, लेकिन मेरी नागशक्तियां ना इस ऐनाकोंडा को कोई नुक्सान पहुंचा पा रही हैं और ना ही अन्य धुंध सर्पों को।
शक्क-शक्क!
पहले धुंध नागफनी सर्प और अब धुंध ध्वंसक सर्प।
ओह! अब समझा, इस भूल-भुलैया ने मेरी ही नाग शक्तियों का प्रतिरूप बनाया है।
मेरे सर्प इनका मुकाबला नहीं कर पा रहे, लेकिन ये खुद तो एक-दूसरे का मुकाबला कर सकते हैं।
इस भूल-भुलैया ने यही गलती कर दी, काली शक्ति से निर्मित ही सही पर ये हैं तो नाग ही, और दुनिया का हर नाग नागराज का आदेश मानने के लिए बाध्य है।

शक शक्क
ये धुंध नागफनी बाकी धुंध सर्पों को काटेंगे..ऐसे।
और इस धुंध एनाकोंडा का पेट अपने धुंध बारूद से भरेंगे ये धुंध ध्वंसक सर्प।
बूम
बूम
धुंध एनाकोंडा को खत्म कर नागराज ने तो धुंध-भुलैया पार कर ली पर ध्रुव अब भी वहीं अटका हुआ था जहां वो पहले था।
ये कमबख्त मेज़ मेरे आगे बढ़ते ही अपनी जगह से खिसकने लगती है।
इस बार मुझे अगली मेज़ पर कूदने के बजाये खाई में कूदना होगा।
और जैसे ही पहली मेज आगे खिसकेगी...
..मुझे अपने शरीर को हवा में इस कोण पर घुमाना होगा, कि स्टारलाइन आगे बढ़ती पहली मेज़ से लिपट जाए।
मैंने ध्यान दिया है कि मुझे पहले वाली जगह पर पहुंचा कर ये पजल मेज़ आगे बढ़ जाती है...
...अब मुझे हर बार खाई में कूदना पड़ेगा और इस मेज़ के आगे बढ़ते ही इस पर स्टार लाइन फंसा कर आगे बढ़ना होगा...
...और जब ये मेज़ मुझे फिर पिछले स्थान पर पहुंचाने कि कोशिश करेगी मुझे इसी प्रक्रिया को दोहराते हुए...
...आगे बढ़ कर उस प्रकाश द्वार तक पहुंचना होगा जहां ये पहली मेज़ जा रही है।
...और जो शर्तिया इस पजल का एंड पौइन्ट होगा।

हर मशीन की तरह ये धुंध मशीन भी लीवर्स, गेयर, और पुल्ली की सहायता से ही काम कर रही है।
यदि इसे रोकना है तो इस पर एक्स्टर्नल फ्रिक्शन लगाना होगा।
और इन पर फ्रिक्शन लगाने के लिए मेरी जेब में बिल्कुल उपयुक्त औजार है मेरा नया आविष्कार 'चटर्र बग्स'।
वैसे तो मैंने इनका आविष्कार अपराधियों की मुश्कें जकड़ने के लिए किया था।
लेकिन अभी ये इस धुंध मशीन की मुश्कें जकड़ने में काम आएंगे।
जैसे ही मैं इनके पावर बटन ऑन कर के इन्हें इन गरारियों की ओर फेंकूंगा, ये गरारियों के बीच फंस कर उन्हें जाम कर देंगे।
बज्ज!
घड़
गरारियों का दबाव चटर्र बग्स पर पड़ते ही बग्स का डिस्चार्ज चेम्बर खुल जाएगा और गटर की गंदगी में गाढ़ा तारकोल मिला कर बनाया गया तरल गोंद 'चिपकू' इन चेम्बर्स से निकल कर गरारियों को सराबोर कर देगा जिससे ये मशीन पूरी तरह जाम हो जाएगी। टर्रर्रर्र!
चिपकू ने धुंध मशीन की ठुसकी निकाल दी।
धुंध मशीन ध्वस्त हो रही है और इससे बाहर निकलने का रास्ता भी दिखाई दे रहा है, मुझे इसके गिरते हुए कल-पुर्जों से बचते हुए ऊपर की ओर बढ़ना होगा।
पोल-वॉल्ट और नान-चाक के वार से ये धुंध लड़ाके गायब तो होते हैं पर फिर से वापस आ जाते हैं...
लेकिन अगर इनके हथियार से इन पर वार होता है तो ये हमेशा के लिए गायब हो जाते हैं।
यानी अब मुझे इनसे इस तरह लड़ना होगा कि...
...मुझ पर किए गए इनके वार आपस में ही एक-दूसरे को लगें। ऐसे इनकी पूरी फौज खुद ही खुद को खत्म कर देगी।
...और मेरे आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो जाएगा। मास्टर्र की अपने प्यारे-प्यारे दोस्तों को मुफ्त सलाह...
...हर सुबह दो चम्मच शहद के साथ भीगे हुए चार मच्छर खाएं और चुस्ती, स्फूर्ति, तंदरुस्ती के साथ मास्टर्र जैसा तेज दिमाग पाएं। टेन टेन टेनेन।

हम्फ! ये धुंध जाल कोई कुकुरमुत्ते तो हैं नहीं जो अपने आप ही पैदा हो जाएं, इन्हें जरूर कोई बुन रहा है...
और इन जालों को बुनने वाली धुंध मकड़ी मुझे नजर आ गई। यदि इन जालों को खत्म करना है तो उस धुंध मकड़ी को खत्म करना होगा।
ओह! लड़की हो या मकड़ी मुझे अपनी ओर बढ़ता देख कर बिदक क्यों जाती हैं?
ये तो तेजाब जैसी कोई चीज उगल रही है, अगर सही समय पर नहीं हटता तो मैं भी इस जाल की तरह गल के बह रहा होता।
मैंने इसके पास जाने की कोशिश भी की तो इसके जाल में उलझ जाऊंगा और ये मेरा टोड सूप बना कर पी जाएगी।
लेकिन बिना इसके पास जाए इसे खत्म कैसे करूं!
जल्दी सोच कटर्र जीनियस, कहीं इस मकड़ी के हाथों मारा गया तो मम्मी बहुत मार लगाएंगी। तेरी ही तलवार से तेरी ही पुक्की पर।
सार्र सर्र सर्र!
मम्मी की पिटाई याद आते ही इस मुसीबत से निपटने का आइडिया आ गया।
ये है टोड्स की फेवरेट चुइंगम 'चबालू गम-गम' एक बार इसे मुंह में डाला तो कई घंटो सारे दांत इससे कुश्ती लड़ते रहते हैं।
यह अपने मुंह से ही ये गलाने वाला पदार्थ फेंक रही है, और अपनी लार से जाल बुन रही है।
चबालू गम-गम का पूरा स्टॉक मैंने इसके मुंह में फेंक दिया है।
चबर चबर!
हीहीही! अब इसके मुंह से कुछ भी नहीं निकलने वाला।
और मैं मौके का फायदा उठा कर इससे लंगड़ी टांग खेलूंगा।

जैसे ही यह जाल के टूटने से नीचे गिरेगी कटर्र की तलवार इसका हैपी बर्डे कर देगी।
मकड़ी के मरते ही जालों की भूल-भुलैया गायब हो रही है और सामने रास्ता दिखाई दे रहा है।
हीहीही यहां से निकल क इस चबालू गम-ग का बिजनेस करूंग बीवियों की बक-ब से परेशान पतियों खूब हिट होगी ये। टर्रर्रर।
मुझे तो कम्प्यूटर्र का सुनाया हुआ वो चुटकुला याद आ गया, 'इधर परदे से हम झाकें, उधर परदे से तुम झांको'
यहां भी वही हाल है, 'इधर हथियार हम दागें, उधर हथियार तुम दागो' ...टर्रर्रर...!!
अबे! महाभारत में कर्ण और अर्जुन ने भी इतने बाण नहीं चलाए होंगे जितने मैं अभी तक चला चुका हूं।
जैसे ही कदम आगे बढ़ाता हूं ये धुंध क्यारियां हथियार दागने लगती हैं।
अबे! यह तो रामायण महाभारत का लाइव टेलीकास्ट हो गया। धुंध बाणों से मेरे बाण टकराते ही दोनों गायब हो गए।
दिल तो कह रहा है कि, 'जला के राख कर दूं धुंध क्यारियों को, ना हम हथियार दागें, ना तुम हथियार दागो' टर्रर्रर!
अबे! ये मैं क्या बोल गया, मैंने तो इस भूल-भुलैया से निकलने का तरीका ढूंढ निकला। हीहीही।
मैं बेकार ही अब तक इन धुंध हथियारों से लड़ाई-लड़ाई खेल रहा था, मुझे तो पहले ही इन धुंध क्यारियों को अपने अग्नि बाणों का निशाना बनाना चाहिए था...
...जोकि इन हथियारों को मुझ पर दाग रही हैं।
कम्प्यूटर्र की संगत में रहते-रहते इतनी अक्ल तो मुझमें भी आ गई है कि आग की गर्मी धुंध की दुश्मन होती है।
क्यारियों के खत्म होते ही आगे बढ़ने का रास्ता बिल्कुल सर्फ से धुले स्कूल ड्रेस जैसा साफ हो गया। हीहीही।
इधर बलमा पोपट खुशी से उछल पड़ा।
धुंध-भुलैया टापू की जादुई धुंध छंट रेली है, इसका तो एकीच मतलब है यारों मेरे प्यारे भीडुओं...

...यारां दी टोली ने फट्टे चक दिए बाप!
हम सबने एक साथ ही अपनी अपनी भूल-भुलैया से निकलने का रास्ता ढूंढ निकाला।
मेरी भूल-भुलैया तो सुपर डेंजर थी, इतनी खतरनाक थी कि क्या बताऊं कितनी खतरनाक थी।
अगर तेरी भूल-भुलैया मेरी वाली भूल-भुलैया को देख लेती तो डर के मारे अपना नाम भी भूल जाती।
और अगर तुम दोनों की भूल-भुलैया मेरी वाली को देख लेती तो वहीं हार्ट अटैक से मर जाती।
शांत टोड्स, हर भूल-भुलैया उसमें प्रवेश करने वाले की शक्तियों पर ही आधारित थी, तुम चारों ने अपनी-अपनी भूल-भुलैया सिर्फ अपने दिमाग और अपनी शक्तियों के बल पर तोड़ कर यह साबित कर दिया है कि तुम चारों किसी से कम नहीं।
चेंचड़ा पाइरेट्स की सेना के साथ वहां पहुंच चुका था।
अबे! इन लोगों ने तो धुंध-भुलैया टापू की भूल-भुलैया को भी तोड़ दिया, लेकिन अब ये यहां से आगे नहीं बढ़ पाएंगे।
अब यहां से आगे की यात्रा शुरू। हीहीही।
यहां से आगे तुम्हें सीधे नर्क की यात्रा करनी है पृथ्वी-वासियों।
आक्रमण करो पट्ठों!!
टार्र-टार्र...ये तो कैप्टन बेलमुंडा के साथी हैं। अपुन तो अपनी दुम शिप के किसी कोने में छुपाने जा रेला है, तुम लोग मार-धाड़ करो।
टोड्स एक्शन!
ही ही ही। मैं तो कब से इंतजार कर रहा था कि कब पाइरेट्स से लड़ने को मिलेगा। सबकी दुम में धागा बांध दूंगा। टर्रर्र!!
अबे यह मेरी दुम नहीं, मेरी सूंड है।
क्या कह रहा है बे... इस चीज से तू खाता है क्या?
हां, मेरी सूंड का प्रचंड वायु वेग मेरे दुश्मन को खींच कर...
...उसकी हड्डियों का चूरमा बना कर, उसे मेरे पेट में पहुंचा देता है।
बाप रे! ऐसी खतरनाक चीज को...
...काटना ही पड़ेगा!!
खचाक
ईयाई...!!

उछल-कूद बंद कर मेंढक, मुझे अपनी गर्दन काट लेने दे।
कटट कटट कटट कट्!
मास्टर्र की गर्दन काट सके, ऐसी धार दुनिया के किसी हथियार में नहीं है, समझा लल्लू।
एक बार केकड़ू के हाथ किसी की गर्दन काटने को उठ गए तो काट कर ही रुकते हैं।
मास्टर्र की गर्दन काटने को उठे हुए हाथ...
...उखाड़ फेंकता है मास्टर्र।
कड़ाक!
आईऽऽऽऽ!
अबे जा! तेरे जैसी जाली जेलियों को कचरे की थैलियों में भर कर गटर में बहा देता है कम्प्यूटर्र।
जैली-थैली नाम है मेरा, मेरी विषैली जैली पल भर में तुझे पंगु बना कर तेरा दम निकाल देगी, तड़पने का भी मौका नहीं मिलेगा तुझे।
मेरे बूस्टर रॉकेट्स की तेज आग तेरी जहर जैली को धुंआ बना कर उड़ा देगी।
हायऽऽऽ... जल गया जैली-थैली!!
भक्क!
नाम है मेरा भोंट, अपने दुश्मन का दम देता हूं घोंट।
साले जितनी बदबू तू छोड़ रहा है उससे तो वैसे ही मेरा दम घुट जायेगा, दूर हट पहले।
इनको तो मैं तिनके की तरह लपक कर पकड़ लूंगा।
यही तो मैं चाहता हूं भोंट महाशय कि तुम इन बाणों को पकड़ो नहीं तो फटेंगे...
क्या?
बूम भडाम
अबे! बाण और क्या! ये 'फटू बाण' हैं, जैसे ही दुश्मन से टकराते हैं, फट जाते हैं।
चेंचड़ा का एक भी दुश्मन आज तक मरने से पहले चूं भी नहीं कर सका है।
धाड़
धाड़
तू खुद को बेकार ही क्रेडिट दिए जा रहा है यार, आज तक ढंग के दुश्मनों से तेरा पाला ही नहीं पड़ा।
कोई बात नहीं प्यारे, अब हमसे पाला पड़ गया ना, अब तेरी चूं और चां सब हम निकाल देंगे।
यार नागराज! यह तो फाउल है, यह अपना रूप बदल रहा है। जरा तुम भी अपनी पावर-शावर दिखाओ!
हुण लो बाशाओ!!
हाल कैसा है जनाब का!
क्यों चेंचड़ा जी...किसकी चूं निकली अब? हाहाहा।
म... मुझे अपनी मरी हुई नानी बहुत याद आ रही है। बुहूहूहू!

अपने-अपने कच्छे उठा कर भाग लो पठ्ठों...
...हम बिना कैप्टन के इनसे नहीं जीत सकते।
पकड़ो बे! भागने मत दो टिड्डों को।
टोड्स! भागने दो इन्हें।
नागराज ठीक कह रहा है टोड्स, इन्हें अपनी नाकामयाबी की दास्तां जा कर अपने कप्तान को सुनाने दो। मेरे पास एक आइडिया है, सुनो।
हीहीही। सुनाओ जी सुनाओ!
जहाज पूरी रफ्तार से चलाओ बे, बुलबुला-फौवारा तुम दोनों समुन्द्र पर नजर रखो। कहीं वो कमबख्त हमारे पीछे ना आ जाएं।
(मैं जहाज पर कोई सुरक्षित चूहे का बिल खोजता हूं छुपने को। बुहूहू।)
निगरानी करते दोनों पाइरेट्स को आभास भी नहीं था कि मुसीबत बिना आवाज दबे पांव आकर उनके सर पर पड़ने वाली है।
विस्स्स।
यह खम्भा सीटी क्यों बजा रहा है?
शायद ये चाहता है कि हम इसे गीला करें। ही ही ही।
हां यार, उन पृथ्वीवासियों से पिट कर 'लगी' तो मुझे भी बहुत जोर की है।
अबे! तो देर किस बात की, चल सारी खुन्नस खम्भे पर निकालते हैं। ही ही ही।
खम्भे पर धार मारने में अलग ही मजा है।
धून धाम
ढिशुम धड़ाक!
ही ही ही। ध्रुव जी का आइडिया तो बहुत जबरदस्त है, अब हम इन पाइरेट्स के बीच में...
...इनके ही भेस में छुप कर इनके अड्डे तक पहुंच जाएंगे।
इधर हम इनके अड्डे को तबाह करेंगे उधर नागराज जी...
...ध्रुव जी और अपने दोनों याडी पहुंचेंगे।
पांचवे टापू पर।
भीड़ू लोग! ये है दिलफेंक दलदल का टापू।
हीहीही। यह कैसा नाम है?
भीड़! इस अक्खे टापू पर सिर्फ दलदल इच रायते के माफिक फैलेली है...
...जोकि टापू पर आने वाले किसी भी पंटर को अपने भीतर खींच लेती है, इसी वास्ते इसको दिलफेंक दलदल बोलते हैं!
इस टापू को पार करने का एकीच तरीका है कि इस दिलफेंक दलदल को नागराज भीड़ू के मसल्स के माफिक सौलिड बना दिया जाए।
यानी दलदली जमीन पथरीली हो जाए, पर यह कैसे होगा?
रुलैया के आंसू ढूंढ कर।
ये रुलैया कौन है? और हम उसके आंसू क्यों ढूंढें?
ये बहुत पुरानी बात है भीड़...
कितनी पुरानी बात, एक हफ्ते पुरानी?
नहीं भीड़, जब तुम्हारे पुरखों ने अंडे भी नहीं दिए होंगे उतनी पुरानी।
जबान संभाल कर बात कर तोते वर्ना तेरी आने वाली पुश्तों में कोई अंडा देने लायक नहीं बचेगा।
हाएं हाएं!
मास्टर। छोड़ दो उसे। बलमा, बकवास कम करो।
बहुत पुरानी, बात है। रुलैला नामक जलपरी और इस द्वीप का शहजादा दिलफेंक एक-दूसरे से लैला-मजनू स्टाइल में प्यार करते थे।

शहजादा दिलफेंक समुन्द्र देव के अत्याचारों के खिलाफ उससे जंग छेड़ रेला था।
"कहते हैं शहजादा दिलफेंक के गम में रुलैला इतना रोई कि अक्खा समुन्द्र का पानी उसके आंसुओं से खारा हो गया।"
बहुत ही दुःख भरी कहानी है यारा...
रोमियो-जूलिएट, लैला-मजनू, भेड़िया-जेन जैसा ही अमर प्रेम था रुलैला और दिलफेंक का।
जब तक यह आंसू मेरे सरताज के दिल तक नहीं पहुंचेंगे, मेरे मरने के बाद भी इनका गिरना यूं ही जारी रहेगा। यह मेरा शाप है।
पर बेचारा हम्मा-हम्मा के सामने ना टिक सका और दुनिया से कट लिया।
"रुलैला भी इसी टापू के किनारे रोते-रोते ऑफ हो ली, तब से उसे रुलैया के नाम से जाना जाता है।"
अपने इमोशन के लूज मोशन को धैर्य का चूरन चटाओ भीड़ू लोग, कहानी में ट्विस्ट अभी बाकी है।
नौबत ऐसी आ गयेली कि उसके आंसुओं से अक्खे समुन्द्र में सुनामी आ जाती। तब समुन्द्र देव ने रुलैया के शाप को इस टापू पर ही सीमित कर दिया। मरी हुई रुलैला की आंखों से आंसुओं की बौछार होती रही...
रुलैया तो मर गई पण उसकी आंखों से आंसू नॉन स्टॉप गिरते ही जा रेले थे।
...और ये अक्खा टापू दलदल बन गया जिसमें रुलैया की लाश डूब गई।
पर सवाल अब भी वहीं है कि रुलैया के आंसुओं को हम रोकेंगे कैसे?
बाप अगर इतना भेजा अपुन की खोपडी में होता तो अपुन का नाम 'सुपर कमांडो बलमा' होता।
आइडिया तो तेरे को इच भिड़ाना पड़ेगा भीड़ू।
ओह! दलदल तो हम पर वार कर रही है।
इस दलदल से बचना भीड़ू लोग, ये हवा में उड़ते परिंदों को भी ऐसे पकड़ कर अपने अंदर खींच सकती है जैसे मेंढक जीभ से कीड़े पकड़ कर सुड़ुकता है।
ध्रुव जी देख लो यह चिरकुट तोता फिर हम पर व्यंग कर रहा है। फिर न कहना मास्टर दारु पी के दंगा करता है।
भीड़ू लोग पहले इस दलदल का पंगा निपटाओ, फिर दंगा करना।
तुम्हारी कहानी के मुताबिक रुलैया का मृत शरीर इस दलदल के नीचे दबा हुआ है...
...और रुलैया के शाप के अनुसार जब तक उसके आंसू दिलफेंक के दिल तक नहीं पहुंचेंगे वो निरंतर रोती रहेगी।
लेकिन दिलफेंक को तो हम्मा-हम्मा ने मार दिया था न? फिर उसके दिल तक भला रुलैया के आंसू कैसे पहुंचेंगे?
बलमा, दिलफेंक को हम्मा-हम्मा ने कैसे मारा था?
हम्मा-हम्मा ने अपने जहाज बांधने वाले जादुई लंगर से बांध कर दिलफेंक भीड़ू का इसिच समुन्द्र की अंधेरी गहराइयों में डुबो दिएला था।
मैं और मास्टर दलदल में रुलैया का शरीर ढूंढते हैं।
नागराज, तुम्हें और कम्पयूटर को समुन्द्र से दिलफेंक का मृत शरीर ढूंढ कर लाना होगा।
लेकिन ध्रुवजी! हम दोनों ही उड़ नहीं सकते, फिर हम लोग दलदल से बाहर कैसे आएंगे?
स्टार रोप की सहायता से, जिसका एक सिरा मैं हमारे जहाज में फंसा रहा हूं, दूसरा मुझसे और तुमसे जुड़ा रहेगा।

बाप अपुन इधरीच रह कर तुम भीडू लोग की आत्मा की शांति...मतलब जीत की प्रार्थना करेगा।
समय कम है दोस्तों, हमें शीघ्र ही दोनों शरीर ढूंढ़ने होंगे। ऑल दी बेस्ट!!
ऑल दी बेस्ट ध्रुवजी।
ध्यान से सुनो मास्टर्र कि हमें नीचे जा कर क्या करना है, क्योंकि दलदल के नीचे हम आपस में बात नहीं कर पाएंगे।
ध्रुवजी का बताया प्लान मैंने पूरी तरह दिमाग में बिठा लिया है।
वैसे मुझे लगता है कि ध्रुवजी जरूर हम टोड्स के दूर के रिश्तेदार होंगे...
दलदल के नीचे आते ही दलदल ने हम पर हमले करना बंद कर दिया, अब हमारे शरीर खुद ब-खुद ही नीचे खिंचते चले जा रहे हैं।
यह हमारी तरह पानी में भी सांस ले सकते हैं, हैंडसम भी टोड्स की तरह ही हैं और इंटेलिजेंट भी। हीहीही!
जैसे-जैसे हम नीचे बढ़ रहे हैं कीचड़ी दलदल साफ हो रही है, यानि...
...दलदल रूपी टापू का हिस्सा पार कर हम समुंदरी तल की ओर पहुंच रहे हैं।
ओह! नीचे से खारे पानी की तीव्र फुहार हमसे टकरा रही है, यानी रुलैया का शरीर अधिक दूर नहीं है।
यह पानी सिर्फ खारा ही नहीं बल्कि एसिडिक भी है जोकि तीव्र जलन पैदा कर रहा है और...
इसका फोर्स हमें नीचे बढ़ने से रोक रहा है।
मुझे इस फुहार को रोकना होगा...
...ताकि ध्रुवजी नीचे रुलैया के शरीर तक पहुंच सकें।
और उसके लिए मुझे अपने जम्बो साइज में आना होगा।
बस ध्रुवजी काम जल्दी से निपटा लें वर्ना कहीं मैं गल कर दुबला-पतला न हो जाऊं। बूहूहू!
मास्टर्र ने सही समय पर बैकअप दे दिया।
मुझे यकीन था कि ये तीव्र फुहार साधारण समुंदरी पानी की नहीं बल्कि रुलैया की आंखों से निकलते आंसुओं की है।
मुझे जल्दी ही इसके एसिडिक आंसुओं को रोकने की कोई तरकीब लगानी होगी।
वर्ना इसे ऊपर ले जाना तो दूर इसके एसिडिक आंसुओं से मेरा और मास्टर्र का बचना मुश्किल हो जाएगा।

मेरे कंप्यूटर का मेटल डिटेक्टर एप्लीकेशन यहां समुंदरी तल में भारी मात्रा में मेटल डिटेक्ट कर रहा है नागराज जी।
बाप! तुम लोग दिलफेंक के बदले लोखंड काई कूँ खोज रेला है?
क्योंकि इस अनंत समुन्द्र में दिलफेंक को ढूंढने से ज्यादा आसान वो लंगर ढूंढना है जिसमें दिलफेंक बंधा हुआ है।
बाप! ध्रुव भीडू से अलग होते ही तेरी खोपड़ी के तार में आइडिए की करेंट दौड़ने लगती है।
क्योंकि ध्रुवजी के रहते वो किसी और को दिमाग खर्चने का मौका ही नहीं देते लल्लू।
कम ऑन कम्पयूटर्र, इसके साथ समय खराब करने का समय नहीं है हमारे पास।
मैंने कम्पयूटर्र के कम्प्यूटर पर इंस्ट्रक्शन टाइप कर दी हैं जिससे पानी के भीतर हम दोनों को प्लान के मुताबिक चलने में दिक्कत न हो।
सबसे पहले हमें कम्पयूटर्र के मेटल डिटेक्टर सिग्नल्स को समुन्द्र के भीतर फॉलो करना होगा।
मेरे शरीर में मौजूद सभी सर्पों ने पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन संचित कर ली है।
जिसकी सहायता से मैं समुन्द्र के भीतर भी काफी देर तक सांस ले सकता हूं।
शहजादा दिलफेंक!!
ये जंजीरें तो लम्बी होकर हमारी ओर बढ़ रही हैं।
इन जंजीरों में काले जादू की शक्ति है, ये हमें इतनी आसानी से दिलफेंक तक पहुंचने नहीं देंगी।
वाऊ! क्या पावर है नागराज जी की, जंजीरों को किटकैट चॉकलेट की तरह तोड़ दिया।
काला जादू तोड़ना है तो पहले जंजीरें तोड़नी होंगी।
क्योंकि इस बटन के दबते ही मेरे शरीर में एड्रेनैलिन रश चार गुना बढ़ जाएगा। हीहीही। यह गई जंजीर।
अबे! अबे पर ये क्या, एक चमक के साथ टूटी हुई जंजीरें फिर जुड़ गईं और हमें दोबारा से जकड़ लिया!!

पांचवे टापू की मुसीबत का 'प्रेशर' मास्टर पर हावी हो रहा था।
अपने शरीर को फुलाए रखने के लिए मुझे अपनी शारीरिक शक्ति का काफी बड़ा हिस्सा इस्तेमाल करना पड़ता है।
अगर ध्रुवजी ने जल्दी ही कुछ नहीं किया तो इस तेजाबी पानी का प्रेशर मेरे हवा भरे गुब्बारे जैसे शरीर को कभी भी फुग्गे की तरह फोड़ देगा।
आ गए ध्रुवजी, पर यह हाथ में पोंछा लगाने वाला तौलिया जैसा क्या लाए हैं
इसके रुलैया की आंखों पर लगते ही उसकी आंसुओं की बौछार रुक रही है। यानी...
बाप! फटा दलदल निकले भीडू! आंसुओं के समुन्दर में नहा के तो तुम भीडू और भी नमकीन हो गेले हो। हीहीही।
पन भीडू उससे पहले अपुन को ये जरूर बता देना कि तुमने इस बिना टोंटी वाले नल को बंद कैसे किया?
हां! ध्रुवजी यह तो मुझे भी जानना है।
समुंदरी स्पंज की मदद से, समुन्द्र में कई अलग-अलग स्पंज जीवों की प्रजातियां पाई जाती हैं।
वैसे तो स्पंज समुन्द्र पानी को प्राकृतिक रूप से फिल्टर करते है पर...
...स्पंज की कुछ प्रजातियां ऐसी भी हैं जो भारी मात्र में पानी सोखकर उसे अपने भीतर ही रख सकती हैं। ऐसा ही स्पंज मुझे समुन्द्र तल में दिख गया और मैंने उसे रुलैया की आंखों पर बांध दिया जिससे कि स्पंज ने रुलैया की आंखों से निकलती आंसुओं की तेज धारा को सोख लिया।
पर ये तरकीब ज्यादा देर तक काम नहीं करेगी, अगर नागराज और कम्पयूटर जल्दी ही दिलफेंक के साथ वापस नहीं आए तो इसके आंसू स्पंज को फाड़ कर फिर बहने लगेंगे।
हे टोडदेव, नागराज जी और कम्पयूटर को शक्ति दे...

"...कि वो हर मुश्किल का मुंह तोड़ कर जल्दी वापस आएं।"
एक मिनट! हर बार जंजीर जुड़ने से पहले समुन्द्र तल में धंसा ये लंगर चमकता है और इसकी ऊजा निकल कर जंजीर को दोबारा जोड़ देती है...
यानी काला जादू जंजीर में नहीं उस लंगर में है। मुझे जंजीर तोड़ कर...
ये जादुई जंजीरें हमें दिलफेंक तक पहुंचने ही नहीं दे रहीं...
...हम इन्हें बार-बार तोड़ रहे हैं और ये बार-बार जुड़ कर हमें जकड़ रही हैं। इस तरह तो हम दिलफेंक को वापस लेकर लौट ही नहीं पाएंगे।
...इस लंगर तक पहुंचना होगा, लंगर से काले जादू की ऊर्जा फिर से निकलकर जंजीर को जोड़ रही है। इससे पहले कि ये जंजीर दोबारा मुझे जकड़े...
जंजीर को इस लंगर से ही अलग करना होगा। अगर मेरा अनुमान सही है तो ऐसा करते ही ये जंजीरें निष्क्रीय को जाएंगी...
हुर्रे!! नागराज जी और कम्पयूटर दिलफेंक का शरीर ढूंढ लाए।
पण भीड़ू अपुन को अभी भी समझ नहीं आया कि तू रुलैया के टेसुओं को परमानेंट फुलस्टॉप कैसे करेगा।
सिंपल है, रुलैया का श्राप पूरा करके, इस स्पंज को खोलते ही...
"रुलैया के आंसू फिर से बह निकलेंगे और पहुचेंगे शहजादा दिल-फेंक के दिल तक..."
"और ऐसा होते ही हम्मा-हम्मा का काला जादू टूट जाएगा।"
"दिलफेंक और रुलैया जिंदा हो गए।"
दिलफेंक मेरे सरताज!!
रुलैला मेरी जान!!

दुष्ट हम्मा-हम्मा के काले जादू की वजह से मैं आपका शरीर नहीं ढूंढ पा रही थी मेरे सरताज।
हम्मा-हम्मा जानता था कि मुझे यह वरदान मिला हुआ है कि प्यार के सच्चे आंसू मुझे एक बार जीवनदान दे सकते हैं...
...इसीलिए उसने ऐसी चाल चली कि तुम मुझे जिंदा न कर सको। पर इन भले पृथ्वीवासियों ने हमें जीवनदान दे दिया।
भले के साथ इंटेलिजेंट भी बोल भीड़, क्या खोपड़ी चलाएली है।
कम से कम रोमांस के बीच तो चोंच मत मार मनहूस तोते।
शुक्रिया पृथ्वीवासियों, दो प्यार करने वालों को मिला कर आपने जो पुन्य किय है वो खाली नहीं जाएगा।
दिलफेंक और रुलैया गायब हो ग और उनके साथ ह पांचवा टापू भी।
अपने अड्डे पर बेलमुंडा एक्शन शुरू कर चुका था।
नाकाम सिपाहियों को कैप्टेन बेलमुंडा सिर्फ एक सजा देता है, सजा-ए-मौत!!
हम्मा-हम्मा का यह त्रिशूल तुम्हारी काले जादू से बंधी आत्माओं को तुम्हारे मुर्दा जिस्मों से मुक्ति दिला देगा।
यार ये बेलमुंडा तो बड़ा खतरू विलेन है, अपने ही बंदे को जला डाला।
इससे लड़ते वक्त इस बात का ध्यान रखना कि हम इसके त्रिशूल से बचे रहें।
अब चल इस बेलमुंडा के अड्डे की छान-बीन करते हैं।
हां! पर जरा सावधान रहियो।
